प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक : 21.04.2026 **समय :** 02.10PM

सिविल सेवा दिवस

राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस पर आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने देश के सभी सिविल सेवकों को शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने कहा कि नीति बनाने से लेकर जमीनी स्तर पर उसे लागू करने तक, सिविल सेवकों का काम करोड़ों लोगों की जिंदगी पर सीधा असर डालता है।

सिविल सेवा दिवस- भोपाल

भोपाल की RCVP नरोन्हा अकादमी में आज सिविल सेवा दिवस मनाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जैसे चाणक्य ने पीछे रहकर देश बनाया, वैसे ही अफसरों की जिम्मेदारी है कि सरकार के विजन को ज़मीन पर उतारें। इस मौके पर डेढ़ दर्जन से ज़्यादा अधिकारियों और कर्मचारियों को 'मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार' से नवाज़ा गया।

PM मोदी- आदि शंकराचार्य जयंती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आदि शंकराचार्य जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनका अद्वैत वेदांत का दर्शन आज भी दुनियाभर में करोड़ों लोगों का मार्गदर्शन कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि शंकराचार्य द्वारा देशभर में आध्यात्मिक केंद्र स्थापित करने के प्रयास आज भी प्रेरणा का बड़ा स्रोत हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि शंकराचार्य का ज्ञान सत्य, करुणा और सामूहिक कल्याण की राह को हमेशा रोशन करता रहेगा।

उत्तर बंगाल - अमित शाह रैली

गृहमंत्री अमित शाह ने आज सिलिगुड़ी की रैली में पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि यह चुनाव माताओं-बहनों

की सुरक्षा की लड़ाई है। श्री शाह ने कहा कि बीजेपी सत्ता में आई तो दुष्कर्मियों को सीधे जेल भेजा जाएगा। उन्होंने वादा किया कि चाय बागान बंद नहीं होंगे, दार्जिलिंग से सुंदरबन तक नया नेशनल हाईवे बनेगा और उत्तर बंगाल में AIIMS, IIM, IIT व कैंसर अस्पताल भी स्थापित किए जाएंगे।

गेहूं उपार्जन- कृषि मंत्री

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विदिशा संसदीय क्षेत्र में गेहूं उपार्जन की समीक्षा की और साफ कहा कि किसानों का गेहूं हर हाल में खरीदा जाएगा। उन्होंने खरीदी केंद्रों पर पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और कहा कि किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

पारिवारिक सद्भावना जागृति अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा प्रवास के दौरान ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के "पारिवारिक सद्भावना जागृति अभियान" के रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान संस्था के 90 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में शुरू किया गया है, जिसका मकसद समाज में पारिवारिक मूल्यों और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देना है।

'जल गंगा संवर्धन अभियान'

प्रदेश में 19 मार्च से शुरू हुए 'जल गंगा संवर्धन अभियान' का असर दिखने लगा है। प्रदेश राष्ट्रीय जल संरक्षण रैंकिंग में छठे से सीधे तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पानी बचाना हमारी जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को इसकी कमी न हो। 30 जून तक चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान में 16 विभागों की 58 गतिविधियां शामिल हैं. अभियान में करीब 6278 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

जेईई मेन परिणाम

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी-एनटीए ने जेईई मेन सत्र 2 के परिणाम जारी कर दिए हैं। इस परीक्षा में कुल 2 लाख 50 हजार 182 अभ्यर्थी जेईई एडवांस्ड के लिए योग्य घोषित हुए हैं।

आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट मैच में आज शाम साढ़े सात बजे हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला होगा। वहीं कल अहमदाबाद में मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटन्स को 99 रन से बड़ी शिकस्त दी, जिसमें तिलक वर्मा ने 45 गेंदों में नाबाद शतक जड़कर मैच ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- शिवपुरी जिले के पिछोर के ग्राम कमालपुर में अवैध रूप से आरा मशीन संचालित होने की सूचना प्राप्त होने पर वन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई।
- पन्ना कलेक्टर ऊषा परमार ने केन बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत विस्थापित ग्राम कोनी और गहदरा का भ्रमण कर वहां के लोगों की समस्याए सुनी।